# सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजसमंद (राज.)

## राजस्थान प्रशासनिक सेवा की तैयारी हेतु सम्पूर्ण मार्गदर्शन

IQAC एवं NSS के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित

**विशेष वेब परिचर्चा में आप सादर आमंत्रित हैं।**

दिनांक : 28 जुलाई 2021 (बुधवार)        समय : 12:00 P.M.

Join on Zoom Meet : CLICK HERE zoom

Meeting ID : 380 005 0699
Passcode : 663979



संरक्षक एवं मुख्य अतिथि
**श्री संदेश नायक I.A.S.**
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा
राजस्थान



मुख्य वक्ता
**डॉ. दिनेश राय सापेला R.A.S.**
ACEO जिला परिषद, राजसमंद



विशिष्ट अतिथि
**डॉ. विनोद कुमार भारद्वाज**
प्रभारी अधिकारी
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान



विशिष्ट अतिथि
**डॉ. ललिता यादव**
सह प्रभारी
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान



समन्वयक
**डॉ. कृष्ण कुमार कुमावत**
सहायक आचार्य



कार्यवाहक प्राचार्य
**श्रीमती शकुंतला शर्मा**
सह–आचार्य



आयोजन सचिव
**श्रीमती विभा शर्मा**
सहायक आचार्य

### वेब परिचर्चा के विषय :–

- प्रशासनिक सेवा परीक्षा हेतु मार्गदर्शन, मोटिवेशन, परीक्षा की रूपरेखा।
- विषयपरक ज्ञान संवर्धन।
- व्यक्तित्व विकास, भाषा एवं सम्प्रेषण कौशल विकास।
- समय प्रबंधन।
- साक्षात्कार की तैयारी।

### IQAC एवं आयोजन समिति

- डॉ. दिनेश हंस
- डॉ. संतोष भण्डारी
- श्री गजराज सिंह
- डॉ. गोपाल लाल कुमावत
- श्री सोहन लाल गोसाईं

For help contact us : Email id - srkgovtcollegerajsamad@gmiall.com    Mob : 8377917640

Scanned with Cam

## विशेष वेब परिचर्चा

दिनांक 28.07.2021

समय – 12:00 PM to 01:15 PM

1. वेबीनार परिचय

2. स्वागत उद्‌बोधन – कार्यवाहक प्राचार्य द्वारा

3. Opening Remarks – श्री संदेश नायक, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा राजस्थान

4. उद्‌बोधन – डॉ. ललिता यादव
   सह प्रभारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ,
   कॉलेज शिक्षा राजस्थान

5. उद्‌बोधन – डॉ. विनोद कुमार भारद्वाज,
   प्रभारी अधिकारी, नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ
   कॉलेज शिक्षा राजस्थान

6. RAS 2018 मे चयनित अभ्यर्थियों के अनुभव

7. उद्‌बोधन – मुख्य वक्ता डॉ. दिनेश राय सापेला, ACEO जिला परिषद, राजसमन्द

8. उद्‌बोधन – मुख्य अतिथि श्री संदेश नायक, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा राजस्थान

9. धन्यवाद –

Scanned with Cam

## कार्यालय, प्राचार्य सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजसमन्द

क्रमांक एफ 01 ( )/स्था/रामरा/2021/ दिनांक 26-07-2021

**आमंत्रण**

श्रीमान् प्रभारी अधिकारी महोदय
नवाचार एवं कौशल प्रकोष्ठ
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान
जयपुर।

आदरणीय,

राजसमंद में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए राजस्थान प्रशासनिक सेवा परीक्षा हेतु विद्यार्थियों के लिए प्रोत्साहन व मार्गदर्शन हेतु विजयी भव योजना का डॉ दिनेश राय सपोला RAS, ACEO जिला परिषद राजसमंद द्वारा सफल संचालन किया गया और लगभग 35 विद्यार्थी इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो सफल हुए हैं।

श्रीमान् जिला कलेक्टर राजसमन्द और अन्य उच्चाधिकारी भी इस कार्यक्रम से जुड़े रहे। उन्ही के निर्देशन एवं सहयोग में सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजसमन्द दिनांक 28 जुलाई, 2021 बुधवार को मध्यान्ह 12:00 बजे एक विशेष परिचर्चा का आयोजन कर रहा है, जिसमें राजसमन्द से नव चयनित RAS बैच 2018 के सफलार्थी अपने अनुभव सांझा करेगें।

इस सम्बल प्रयास, और सफलता के प्रतीक कार्यक्रम में राजसमन्द महाविद्यालय परिवार की मनः इच्छा है कि आप इस कार्यक्रम में अपना सानिध्य विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदान कर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करे।

यह कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा।

सधन्यवाद।

भवदीय

(श्रीमती शकुंतला शर्मा)
कार्यवाहक प्राचार्य
सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजसमन्द

प्राचार्य
सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय महाविद्यालय
राजसमन्द (राज.)

Scanned with Cam

दिनांक – 28.07.2021

समय – अपरान्ह 12 बजे से
अपरान्ह 1:15 बजे तक

## विशेष वेब परिचर्चा रिपोर्ट

सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजसमन्द में दिनांक 28 जुलाई, 2021 (बुधवार) को **"राजस्थान प्रशासनिक सेवा की तैयारी हेतु सम्पूर्ण मार्गदर्शन"** विषय पर विशेष वेब परिचर्चा का आयोजन आई.क्यू.ए.सी. एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस परिचर्चा के मुख्य अतिथि श्री संदेश नायक (IAS) आयुक्त कॉलेज शिक्षा, विशिष्ट अतिथि डॉ. विनोद कुमार भारद्वाज (प्रभारी अधिकारी) नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. दिनेश राय सापेला (R.A.S.) थे जिनकी विजयी भव योजना ने राजसमन्द से 35 अभ्यार्थियों के चयन का रिकार्ड स्थापित किया। राजसमन्द मे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए आर.ए.एस. परीक्षा हेतु विद्यार्थियों के लिए प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन हेतु विजयी भव योजना डॉ. दिनेश राय सापेला ACEO, जिला परिषद राजसमन्द द्वारा संचालित योजना है जिसमें जिला कलक्टर एवं अन्य उच्चाधिकारी भी कार्यकम से जुडे रहे।

कार्यकम का प्रारम्भ प्राचार्या श्रीमती शकुन्तला शर्मा के स्वागत उद्‌बोधन से किया गया। नवाचार एवं कौशल विकास विकास प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. विनोद कुमार भारद्वाज एवं सह प्रभारी डॉ. ललिता यादव ने कॉलेज शिक्षा मे चल रहे ज्ञानदूत एवं ज्ञानसूधा कार्यकम की महत्ता बताते हुए विद्यार्थियों को इससे जुडने हेतु प्रेरित किया। राजसमन्द से नवचयनित R.A.S. बैच 2018 के सफलार्थी मौर कुंवर एवं चन्दा गुहिल ने अपने अनुभव साझा किए एवं अपने संघर्ष की दास्तान बताते हुए सभी विद्यार्थियों को सफलता के लिए संघर्ष करने हेतु प्रेरित किया। दोनो अभ्यार्थियों द्वारा R.A.S. परीक्षा में की गई गलतियों पर भी प्रकाश डाला गया एवं भावी अभ्यार्थियों को सुझाव दिया कि वे ये गलतियाँ ना दोहराए।

कार्यकम के मुख्य वक्ता डॉ. सापेला ने R.A.S. परीक्षा की तैयार हेतु सम्पूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। आपने R.A.S. (प्रा.) परीक्षा के पाठ्‌यकम R.A.S. (Mains) की व्यूह रचना एवं साक्षात्कार में ध्यान रखे जाने वाले बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की एवं विद्यार्थियों को सफलता के सुत्र प्रदान किए। अन्त में डॉ. सुमन बड़ोला द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यकम का संचालन श्रीमती विभा शर्मा एवं डॉ. कृष्ण कुमार कुमावत द्वारा किया गया। कार्यकम की आयोजन समिति के सदस्यों डॉ. दिनेश हंस, डॉ. सन्तोष भण्डारी, श्री गजराज सिंह, डॉ. गोपाल लाल कुमावत, श्री सोहन लाल गोसाई ने सकिय सहयोग देकर कार्यकम को सफल बनाया।

विभा शर्मा
आयोजन सचिव

समन्वयक

प्राचार्य
सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजसमन्द

Scanned with Cam